### हिन्दु संगठनों और ग्रामीणों ने जमकर किया विरोध, मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन

# मंदिर के चैनल गेट पर हरा कपड़ा मिलने से ग्रामीण आक्रोशित



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,6 मार्च. अमरवाड़ा थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव में शुक्रवार की सुबह स्थानीय दुर्गा मंदिर के गेट पर हरा झंडा फहराने और मूर्ति पर हरा कपड़ा डालने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर ग्रामीण आक्रोशित है। ग्रामीणों ने तत्काल इस बात की सूचना पुलिस और प्रशासन को दी। मौके पर पहुंचा पुलिस महकमा और एसडीएम ने स्थिति को नियंत्रण में किया।**

हालांकि पुलिस बल देर शाम तक मंदिर में तैनात रहा। जो स्थिति पर नियंत्रण रखे हुए है। स्थिति को भांपते हुए एसपी ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

जानकारी अनुसार प्रातःकाल गांव में प्रभात फैरी निकलने के बाद सुबह सात बजे करीब मंदिर पहुंची। जहां मंदिर पर हरा कपड़े का झंडा लटका देख सभी ग्रामीण सख्ते में आ गए। इसके बाद जैसे ही मंदिर का चैनल गेट खोला। अंदर दुर्गा प्रतिमा पर हरा कपड़ा पाया गया।

जिसे देख सभी श्रद्धालु आग बबूला हो गए। यह खबर गांव में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते पूरा गांव एकत्रित हो गया। विषेश समुदाय के प्रति नारेबाजी कर अपना गुस्सा जाहिर किया। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल अमरवाड़ा पुलिस को सूचित किया। सूचना के मिलते ही अमरवाड़ा और हर्रई पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। साथ ही एसडीएम और एसडीओपी भी मौके पर पहुंच गए। एतिहात के तौर पर गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

### मंदिर के आसपास पुलिस बल तैनात

इस घटना के बाद से मंदिर सहित गांव में पुलिस बल तैनात है। जो गांव के आसामाजिक तत्वों पर नजर रखे हुए है। वही घटना के बाद किसी तरह स्थिति न बिगड़ नजर बनाए हुए है। एसडीएम भी हिन्दु संगठनों के पदाधिकारियों से सहयोग करने अपील कर रहे है। उन्होंने कहा जल्द ही आरोपियों के गिरेवान तक पहुंचेंगे। पुलिस भी गांव में घूमकर ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है तो पुलिस को सूचित करें।

### हिन्दु संगठन ने जताया आक्रोश

इधर यह खबर मिलने के बाद मौके पर बीएचपी और बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने इस घटना को कड़ा एतराज जताया है। बीएचपी और बजरंग दल कार्यकर्ता ने एसडीएम और एसपी अजय पांडेए एएसपी आषीश खरे से जल्द से जल्द इस हरकत करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। हालांकि पुलिस दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। पुलिस अभी तक इस कायराना हरकत करने वाले आरोपी तक नहीं पहुंच पाई है। पुलिस ने कहा आसपास के सीसीटीवी खंगालकर जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### इनका कहना है...

जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर मंदिर का जायजा लिया है। मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। हिन्दू संगठनों और ग्रामीणों से सहयोग करने अपील की है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। **अजय पांडे, एसपी छिंदवाड़ा**

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

### नाबालिग छात्रा के साथ आरोपी ने किया गलत काम



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,6 मार्च. नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को 10 वर्ष की सजा सुनाया है. घटना इस प्रकार है कि 19 अगस्त 2025 को नाबालिग छात्रा और पीपलावाड़ी की उसकी सहेलियां पैदल-पैदल नवेगांव स्कूल से पढ़ाई कर घर वापस जा रही थे तभी शाम करीब 05:30 बजे पिपलावाडी तिराहे पहुंचे तो उसकी सहेलिया पीपलावाड़ी अपने घर तरफ चली गई।**

नाबालिग अकेले अपने घर तरफ जाने लगी तब रास्ते में आरोपी सनोरी महुआ के पेड़ के नीचे बैठकर मोबाईल चलाता दिखाई दिया, तो पीडिता सीधे अपने घर तरफ जाने लगी कुछ दूर आगे चली थी कि आरोपी सनोरी ने पीछे से आकर अचानक उसे पकड़ लिया ने चिल्लाई तो आरोपी सनोरी ने उसका मुंह दबा दिया । पीडिता ने अपने आप को छुडाने की बहुत कोशिश की परन्तु खुद को छुड़ा नहीं पाई व आरोपी सनोरी उईके ने नाबालिग को उठाकर सड़क किनारे फल्ली के खेत में ले गया जहां आरोपी सनोरी ने उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया फिर आरोपी सनोरी वहां से चला गया। नाबालिग को चक्कर आने लगे जिस कारण वह वहीं जमीन में पड़ी रही कुछ देर बाद जब उसे होश आया तब वह धीरे-धीरे चलकर अपने घर पहुंची और घर में अपनी मम्मी को घटना के बारे में सारी बात बताई। उसके बाद अपने माता-पिता के साथ जाकर थाना नवेगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने अरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया और प्रकरण को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया जहां अपर सत्र न्यायधीश जुन्नारदेव के अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश के द्वारा आरोपी सनोरी पिता सम्मूलाल उईके 21 वर्ष निवासी पिपलावाडी थाना नवेगांव को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (1) में 10 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 5000 रुपये का अर्थदण्ड एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (ढ्ढ) में 01 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 1000 रुपये का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता मोहित नामदेव द्वारा प्रभावी पैरवी की गई।

# चाकू से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,6 मार्च. देहात थाना क्षेत्र में एक पीड़ित का तीन युवकों से जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि तीन युवकों में से एक युवक ने पीड़ित पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।**

**यह है मामला**

दरअसर बीते दिन को मारपीट के दौरान घायल एक व्यक्ति को आरोग्य अस्पताल परासिया रोड में इलाज के लिए भर्ती किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस आरोग्य अस्पताल पहुंची। घायल प्रार्थी प्रदीप पिता गोपी राठौर उम्र 20 साल निवासी गुरैया की रिपोर्ट पर अभिषेक साहू और उसके साथी के द्वारा चाकू से जानलेवा हमला पर मामला दर्ज कर जांच में लिया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी जीएस राजपूत द्वारा त्वरित कार्यवाही कर टीम गठित की। टीम ने लगातार आरोपियों की तलाश पताशाजी कर अलग अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश से सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जिला जेल भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपियों में अभिषेक साहू के थाना देहात एवं अन्य थानों में पूर्व से लगभग आधा दर्जन मामले दर्ज है। इस पूरे मामले में निरीक्षक जीएस राजपूत थाना प्रभारी देहात, उनि महेश अहिरवार, दुर्गेश तिवारी, हर्ष नागले, सउनि संदीप राजपूत, आर सौरभ, सूरज, शेरसिंह, पन्नालाल, उमेश उइके, तरुण परतेती की विशेष भूमिका रही ।

### *इन आरोपियों को किया गिरफ्तार*

*आरोपियों में अभिषेक पिता जीवनलाल साहू उम्र 21 सालए नीकेश पिता बब्लू ओक्टे उम्र 19 साल दोनों निवासी गुरैया और पंकज पिता किशनलाल चौरे उम्र 26 वर्ष निवासी अर्जुनवाडी थाना मोहखेड शामिल है।*

# नगर निगम अमले ने शहर के विभिन्न स्थानों से हटाया अतिक्रमण

**छिंदवाड़ा.** नगर निगम की अतिक्रमण निरोधक टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसी क्रम में आज योजना कार्यालय के सामने गन्ने का रस, बर्फ एवं पराठे के हाथ ठेले संचालकों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी एवं अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान इस स्थल से सभी हाथ ठेले वालों को हटाया गया तथा चार बंद गुमठियां एवं हाथ ठेले जब्त किए गए। साथ ही पटका मशीन भी मौके पर पहुंचाई गई। इसके अतिरिक्त नगर निगम जाने वाले मार्ग पर एल.आई.बी. कार्यालय के पास से भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम द्वारा संबंधितों को भविष्य में सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी गई। इसी प्रकार अतिक्रमण निरोधक टीम द्वारा गर्ल्स कॉलेज के सामने सड़क के दोनों ओर, शुक्रवारी बाजार, स्टेडियम के सामने, फव्वारा चौक, पोस्ट ऑफिस के सामने, इतवारी बाजार, मिर्ची बाजार एवं गल्ला मार्केट क्षेत्रों में दुकानों के सामने सड़क पर रखा सामान हटवाया गया। साथ ही दुकानदारों को समझाइश दी गई कि वे अपना सामान दुकान के अंदर निर्धारित क्षेत्र में ही रखें। इस दौरान दुकानों के सामने लगाए गए पाल, पर्दे एवं तिरपाल को भी हटाने की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त 03 शिकायतों का निराकरण कर उन्हें संतुष्टि पूर्वक बंद कराया गया।

# महिला कांग्रेस सेवादल ने किया तिलक कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा.** जिला महिला कांग्रेस सेवादल द्वारा भाईदूज का पावन पर्व राजीव भवन स्थित कांग्रेस सेवादल कार्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया। महिला कांग्रेस सेवादल की जिलाध्यक्ष डॉ. शबाना यास्मीन खान के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष सुरेश कपाले विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सभी बहनों को भाईदूज की शुभकामनाएं देते हुए पर्व की परम्परा व भाई-बहन के स्नेह के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान डॉ. शबाना यास्मीन खान ने संगठन के सभी साथियों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर भाईदूज की बधाई दी। सुख-समृद्धि और उज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं की। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों ने सभी बहनों को बधाई दी। कार्यक्रम में कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष दीपक वाजपेयी, प्रभारी राकेश मरकाम, सेवादल यंग ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष पंचम अमरोदे, पश्चिम उप ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश भावे, गज्जु इंदौरकर, आशीष पाल, बलराम सिंह चौहान, स्वरूप शरण उइके, सिंधु यादव, वीणा जैन, रवीना कोचे, सन्नो कुमरे, संजू नागले, प्रेमलता उइके सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग के जांच दल ने सांवरी-उमरेठ मार्ग पर की कार्रवाई

### परिवहन अमले ने 10 वाहनों से वसूला 36900 रुपए का चालान




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,6 मार्च.परिवहन विभाग के विशेष जांच दल द्वारा आज सांवरी-उमरेठ मार्ग पर संचालित यात्री वाहनों एवं अन्य वाहनों की सघन जांच की गई।**

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला ने बताया कि वाहनों की जांच में यात्री वाहनों के दस्तावेजों जैसे- वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक के वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। साथ ही मालवाहनों में ओवरलोडिंग की भी जांच की गई। जांच के दौरान यात्री बस क्रमांक एमएच 49 एटी 3249 को बिना परमिट एवं बिना मध्यप्रदेश मोटरयान कर जमा किये संचालित पाये जाने पर वाहन को जप्त कर पुलिस चौकी सांवरी में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। अन्य कार्यवाही में मोटरयान अधिनियम के तहत कमियां पाये जाने पर 10 वाहनों पर 36,900 रूपये की चालानी कार्यवाही कर राजस्व प्राप्त किया गया। साथ ही अन्य वाहन संचालकों/चालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

# शहर में धूमधाम से मनाया जाएगा रंगपंचमी महोत्सव

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,6 मार्च.** रंगपंचमी के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 8 मार्च को चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसकी शुरुआत गांधीगंज से होगी और शहर के मुख्य मार्गो से होकर दशहरा मैदान में रंग गुलाल उत्सव के साथ समापन होगा। इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उल्लेखनीय है कि इंदौर की तर्ज़ पर बीते चार सालों से छिंदवाड़ा में रंगपंचमी मनाने का क्रम निरंतर जारी है। रंगपंचमी के अवसर पर आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए गत दिनों बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें सांसद बंटी विवेक साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आयोजन समिति के पदाधिकारी, सदस्य व्यापारी और विभिन्न संगठनों के सदस्यगण उपस्थित थे। आयोजन समिति के सदस्य नरेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि रंगपंचमी के अवसर पर पांचवें वर्ष में ऐतिहासिक चल समारोह की शुरुआत गांधीगंज से होगी। यह चल समारोह शहर के मुख्य मार्गो श्याम टाकीज, चारफाटक, पावर हाउस, छोटी बाजार, फव्वारा चौक होकर दशहरा मैदान पहुंचेगा। इस दौरान तीन बड़ी गैर से रंगों की बरसात होगी। डीजे धमाल के साथ उत्सव में करीब 40 टन गुलाल भी उड़ाया जाएगा। आयोजन समिति ने नागरिकों से रंगपंचमी महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आग्रह किया है।

# वीरता पदक विजेता आशुतोष वरदेय का महापौर ने किया सम्मान



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,6 मार्च. केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ में उप कमांडेंट एवं राष्ट्रति द्वारा वीरता पदक से सम्मानित जिले के गौरव आशुतोष वरदेय का नगर निगम के महापौर सभाकक्ष में सम्मान समारोह आयोजित कर अभिनंदन किया गया।**

कार्यक्रम में महापौर विक्रम अहके ने आशुतोष वरदेय को पुष्पहार पहनाकर एवं शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके साहस और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। महापौर विक्रम अहके ने कहा कि आशुतोष वरदेय ने अपने साहस और पराक्रम से पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने बताया कि आशुतोष वरदेय को अपनी जिम्मेदारियों का तत्परता से निर्वहन करने एवं उत्कृष्ट सेवा के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी आशुतोष वरदेय को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की तथा देश सेवा में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जलसभापति अरुणा मनोज कुशवाह, आतिश ठाकरे, प्रतीक दामोदर, अजीत ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# पोस्ट मैट्रिक एवं प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च

**छिंदवाड़ा.** आयुक्त अनुसूचित जाति विकास म.प्र. भोपाल द्वारा जारी पत्र के निर्देशानुसार एमपी टास पोर्टल पर अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं प्री- मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिये पोर्टल 15 मार्च 2026 को बंद किया जा रहा है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा द्वारा सभी संस्था प्रमुख शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, जिला छिंदवाड़ा/पांढुर्णा को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी संस्था में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन पोर्टल पर छात्रवृत्ति आवेदन भरवाने के लिये निर्देशित करें।

## महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




**सुधि महिला पाठकों के लिये विशेष भेंट**

नारी शक्ति के सम्मान में सुरुचि का विशेष अंक 8 मार्च 2026 को प्रकाशित किया जा रहा है. सुधि पाठक सुरुचि का यह अंक **रविवार 8 मार्च** को अपने हॉकर से लेना न भूलें

**योजना** ▶ दूध, पनीर और घी का व्यापार कर प्रति माह कमा रहा हजारों रुपए

# दुधारू भैंस पालने से बदली ग्रामीण की तकदीर



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,6 मार्च. कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाते हुए किसानों और पशुपालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं।**

इन्हीं योजनाओं में से एक मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना ने जिले के जुन्नारदेव विकासखंड के दूरस्थ आदिवासी गांव चरनभटा के राजेश भारती की जिंदगी में खुशहाली ला दी है। राजेश भारती ने बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री दुधारू पशु योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में दो दुधारू मुर्रा भैंसें प्रदान की गई थीं। इन दोनों भैंसों से मिलने वाले दूध से वे पनीर और घी तैयार कर बाजार में बेचते हैं। इससे उन्हें हर महीने लगभग 12 हजार रुपये की आय हो रही है। अब तक वे करीब 1.25 लाख रुपये की शुद्ध आय अर्जित कर चुके हैं।

इस अतिरिक्त आय ने राजेश के जीवन को नई दिशा दी । उन्होंने अपनी कमाई से दो और भैंसें खरीदीं, साथ ही मुर्गी और बकरी पालन भी शुरू कर दिया है। आर्थिक स्थिति मजबूत होने के बाद उन्होंने अपने परिवार के लिए पक्का मकान भी बना लिया है। वर्तमान में योजना के तहत मिली दोनों भैंसें गर्भित हैं। इनमें से एक का सेक्स सॉर्टेड सीमन से कृत्रिम गर्भाधान किया गया है, जबकि दूसरी भैंस ने प्राकृतिक तरीके से गर्भ धारण किया है। इससे भविष्य में उनके पशुधन में और वृद्धि होने की उम्मीद है। राजेश भारती का कहना है कि यह योजना उनके जैसे दूरस्थ क्षेत्र के आदिवासी परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। अब वे दो और भैंसें प्राप्त कर अपने दुग्ध व्यवसाय को आगे बढ़ाने की कार्ययोजना बना रहे हैं।

बीते दिनों ही उपसंचालक पशुपालन विभाग डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार ने भूराभगत के घने जंगलों के बीच बसे इस ग्राम चरनभटा का भ्रमण किया एवं यहां राजेश भारती से मुलाकात की और उनके कार्यों का अवलोकन कर उन्हें सराहा। शासन की योजनाएं सही समय पर हितग्राहियों तक पहुंचें तो वे न केवल आय बढ़ाती हैं, बल्कि ग्रामीण एवं पिछड़े परिवारों के जीवन में स्थायी समृद्धि का भी बेहतर अवसर साबित होती हैं।


**मानवता हॉस्पिटल**
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी

**डॉ. बबीता ठाकुर**
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।

**डॉ. आशुतोष सिन्हा**
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन
(कंसल्टेंट फिजिशियन)

उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES

पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766



**आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी

हमें आवश्यकता है.... रिक्त पद:-

| नर्सिंग स्टाफ - 10 | ड्यूटी डॉक्टर - 5 | रिसेप्शनिस्ट - 4 | टेली कॉलर - 2 | हाऊसकिपिंग स्टाफ - 4 | सुरक्षा गार्ड-पुरूष |
|---|---|---|---|---|---|
| -:योग्यता:- | -:योग्यता:- | -:योग्यता:- | -:योग्यता:- | (पुरुष (2) | -:योग्यता:- |
| B.Sc/M.Sc Nursing/GNM) | MBBS/BAMS/ BHMS | Graduation+C omputer | Graduation | महिला (2) | ऊंचाई-5*7, वजन-60+, 12वीं पास |

प्राथमिकता एक्सपियरेंस कैंडिडेट्स को दी जाएगी (कम से कम 2 वर्ष)

संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)
इंटरव्यू-1-4 PM आपका सीवी एंड रिज्यूम इस नंबर पर भेंजे- 6262640426, शॉर्टलिस्टेड कैंडिडेट्स को इंटरव्यू के लिए कॉल की जाएगी।



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी । * फोन- 235677, 235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589